सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

भाद्र 22, शनिवार, *शाके* 1947- सितम्बर 13, 2025
Bhadra 22, Saturday, Saka 1947- September 13, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/17041:-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर भरतपुर द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका नदबई हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर पालिका नदबई का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>

वार्ड सं.	क्षेत्र का विवरण	जनसंख्या
1	ऊदल के घर से दक्षिण दिशा चल पश्चिम दिशा के खेत व मकानों को शामिल करते हुए हरवान के खेत पहुंच पश्चिम मुड उत्तर दिशा के खेत मकानों को शामिल करते हुए पश्चिम चल पछान्दरा थोक की समस्त दोनों गलियों को शामिल करते हुए भूमिया बाबा के थान पहुंच बरवारा वाले रास्ते की तरफ चल उत्तर व दक्षिण दिशा को शामिल करते हुए पप्पू मिस्त्री व विजेन्द्र जानकी के घर को लेते हुए बरवारा राजस्व सीमा के सहारे सहारे उत्तर दिशा चल दायें भाग के समस्त खेत, मकान, दुकानों को शामिल करते हुए गोगाजी भट्टा पहुंच पूर्व मुड मांझी की राजस्व सीमा के सहारे सहारे चल सिरसई वाले कच्चे रास्ते पर पहुंच सिरसई की राजस्व सीमा के सहारे सहारे चलते हुए दक्षिण मुड दक्षिण ऊदल के घर पर पहुंच वार्ड 1 समाप्त।	1032
2	टैगोर चैराहे से प्रारम्भ कर पूर्व चल बमूरकी मन्दिर पहुंच पूर्व चल पश्चिम	1029

	मुड सिरसई की राजस्व सीमा के सहारे सहारे चलते हुए उत्तर दिशा व दक्षिण दिशा के मकानों को जोडते हुए पश्चिम चल पानी की टंकी पहुंच कदमखण्डी को शामिल करते हुए दक्षिण मुड पश्चिम चल हरवान फौजदार के घर को शामिल करते हुए चरन सिंह सैकेट्री के घर पहुंच समस्त दक्षिण के मकानों को लेते हुए धर्मवीर भगौर के मकान पहुंच दक्षिण मुड लुहारों के मकानों को शामिल करते हुए करन जाटव के मकान पहुंच समस्त पूर्व दिशा के मकानों को शामिल करते हुए बाईपास चैराहा पहुंच दक्षिण चल लड्डू गोपाल हनुमान मन्दिर पहुंच पूर्व मुड पूर्व चल टैगोर चैराहा पर पहुंच वार्ड 2 समाप्त।	
3	बाईपास लुहासा चैराहा से प्रारम्भ कर उत्तर चल केदार ठेकेदार के खेत पहुंच उत्तर चल रूपसिंह, धर्मसिंह जाटव के घरों को शामिल करते हुए पूर्व मुड करतार गिरदावर के मकान को शामिल करते हुए उत्तर चल रमेश, सुरेश के मकान को शामिल करते हुए अमर चन्द बंसल के मकान पहुंच समस्त दक्षिण के मकानों को लेते हुए जनूथर रोड पहुंच उत्तर मुड पश्चिम चल बरवारा की राजस्व सीमा के सहारे सहारे चलते हुए शिवानी भट्टा पहुंच दक्षिण चल अगनपुरा की राजस्व सीमा के सहारे सहारे चल बाईपास पहुंच पूर्व मुड उत्तर दिशा के समस्त मकान, दुकान, खेतों को शामिल करते हुए बाईपास लुहासा चैराहा पहुंच वार्ड 3 समाप्त।	1031
4	चुंगी नाका 5 से प्रारम्भ कर उत्तर मुडकर लुहासा रोड पर पूर्व के मकान दुकान को शामिल कर बाईपास पहुंच पूर्व मुड दक्षिण के खेत, मकान, दुकान को शामिल करते हुए लुहासा जनूथर चैराहा पहुंच दक्षिण मुड मोहन सरपंच के घेर पर पहुंच गौरव पथ पर चल पश्चिम दिशा चल उत्तर के मकानों को शामिल कर कुम्हरगढा मंदिर को शामिल कर संजय उपाध्याय, उपाध्याय टैण्ट हाउस, पानी की टंकी से पूर्व दिशा मुड सोहनलाल की कोठी, अग्रवाल धर्मशाला को शामिल करते हुए गोपाल/यादराम के मकान दुकान पर पहुच पश्चिम मुड दांये भाग के मकानों को शामिल करते हुए श्री अन्नपूर्णारसोई को शामिल करते हुए सुरेश गोपाल के मकान पहुंच उत्तर मुढ दायें भाग के मकानों को जोडते हुए हरियाणा चौक पहुंच दाउदयाल चैयरमेन के घर पहुंच नीचे बृजभान के नौहरे पर पहुच कर उत्तर दिशा मुड पूर्व के मकानों को जोडकर नन्दराम, कमल, गिरीश वैधजी के मकानों को लेते हुए चुंगी नाका 5 पहुंचकर वार्ड 4 समाप्त।	1055
5	चुंगी नाका भगवान सैनी के मकान से प्रारम्भ कर दक्षिण दिशा में डौली सैनी के मकान से दक्षिण दिशा में चलकर जगदीश सहगल के मकान से पश्चिम दिशा में मुडकर कन्हैया साईकिल वाले के घर से दक्षिण में चलकर पश्चिम के मकानों को शामिल कर कुलदीप तिलक के मकान को शामिल करते हुए हेमराज पंजाबी के मकान को शामिल कर दक्षिण दिशा में चलते हुए पश्चिम दिशा के मकानों को शामिल कर मनोहर गेरा के मकान से	1050

	पश्चिम दिशा में मुडकर उत्तर के मकानों को शामिल कर कटारा वाले रास्ते पर चलते हुए उत्तर दिशा के मकानों को शामिल कर विनोद भटटा के आगे से उत्तर दिशा में चलकर नगर बाईपास चैराहा पहुंच लुहासा रोड बाईपास मोड पर पहुंच दक्षिण मुड कर चुंगी नाका भगवान सैनी के मकान तक का हिस्सा वार्ड 5 कहलायेगा।	
6	राम मंदिर से चालू कर उत्तर दिशा में चलते हुए जगदीश सहगल एवं पूर्व दिशा के मकानों को शामिल करते हुए नीरज सहगल के मकान से पूर्व दिशा में मुडकर दक्षिण के मकानों को शामिल करते हुए अंशु शर्मा के मकान से पूर्व मुड हीरा मास्टर के मकान को जोडते हुए दक्षिण मुड विजय होण्डा के मकान को जोडते हुए दायें भाग को शामिल करते हुए संजू सेठ के मकान पहुंच पश्चिम मुड दायें भाग के मकान को जोडते हुए विष्णु पण्डित के मकान पहुंच दक्षिण मुड पश्चिम के मकानों को जोडते हुए डालचन्द कोली की दुकान पहुंच पश्चिम मुड हुकम पण्डित के मकान पर पहुंच उत्तर मुड पूर्व के मकानों को जोडते हुए रूपा पण्डित के मकान पर पहुंच पश्चिम चल उत्तर के मकानों को जोडते हुए धर्मवीर सहगल के मकान पर पहुंच कर उत्तर मुड पूर्व के मकानों को जोडते हुए सत्संग भवन राम मन्दिर पहुंच कर पूर्व मुड राम मन्दिर पर वार्ड 6 समाप्त।	920
7	नगर रोड हुकम शिवराम की दुकान से प्रारम्भ कर उत्तर दिशा में चलते हुयेे शिवचरन मास्टर की दुकान पर पहुंचकर पश्चिम मुड दक्षिण के मकान हॉस्पीटल को जोडते हुए प्यारे धोबी के घर पर पहुंच पश्चिम चल सामने गली में चलते हुए दक्षिण के मकानों को लेते हुए गिर्राज के प्लॉट को जोडते हुए दक्षिण मुड पूर्व के मकानों को शामिल करते हुए यादव पण्डित के मकान पर पहुंच पश्चिम मुड घनश्याम के नोहरे को जोडते हुए जैनू साईकिल के घर पहुंच दक्षिण मुड फूलचन्द गर्ग के मकान को जोडते हुए कुल्ली मास्टर की दुकान पहुंच पूर्व मुड उत्तर के मकानों को जोडते हुए रॉय के मकान को जोडते हुए पूर्व चल खादी भण्डार को जोडते हुए नैमी जोशी के मकान पर पहुंच हुकम शिवराम के मकान पर पहुंच वार्ड 7 समाप्त।	897
8	नगर तिराया कल्लू पण्डित की दुकान से आरम्भ कर पश्चिम मुड उत्तर के मकान दुकान को शामिल करते हुए वासुदेव पटवारी की दुकान पर पहुच कर उत्तर मुड पूर्व के मकानों को शामिल करते हुये विष्णु गोयल के मकान को शामिल कर पूर्व मुड सतीश नक्शा वाले के मकान को जोडते हुए खादी भण्डार के पीछे वाली गली के दक्षिण के मकानों को जोडते हुए कमल गडरिया के मकान को जोडते हुए डालचन्द कोली के मकान पर पहुंच दक्षिण मुड भगवान कोली के मकान को जोडते हुए नगर तिराया कल्लू की दुकान पर वार्ड 8 समाप्त।	898
9	स्पेलर के सामने लोकेश खटीक के मकान से प्रारम्भ होकर पूर्व दिशा में	1059

	चलकर अलीमुद्दीन मास्टर के मकान पर पहुंचकर गिरधारी कटारा के मकान पर पहुचकर दक्षिण मुड ईश्वर पंजाबी की दुकान पर पहुंचकर उत्तर मुड बद्री चेयरमैन के मकान पर पहुचकर भूरी पंजाबिन को शामिल करते हुए टिल्लू पंजाबी के मकान पर पहुंच पश्चिम चल दक्षिण के मकानों को शामिल करते हुए जगदीश दवाई वाले के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण मुड जगदीश भट्टा वाले के मकान पर पहुच विनोद भट्टा वाले के मकान पर पहुंच दक्षिण मुड बायें भाग के मकानों को लेकर कुंवर की चक्की पर पहुंच पूर्व मुड बायें हाथ के मकानों को जोडकर लोकेश खटीक के मकान पर पहुंच कर वार्ड 9 समाप्त।	
10	हरीसिंह सुबेदार के मकान से प्रारम्भ होकर उत्तर दिशा में मुडकर पश्चिम के सभी मकानों को लेते हुए सरकारी शौचालय पर पहुंचकर पश्चिम मुडकर दक्षिण के मकानों को शामिल करते हुये लालाराम पण्डित के मकान से उत्तर मुड बायें भाग के मकानों को शामिल करते हुए गुरूद्वारा को लेते हुए पश्चिम मुड बायें भाग के सभी मकानों को लेते हुए हंसू की पोखर पर पहुंच कर पथवारी मन्दिर को शामिल करते हुए मन्दिर पर स्थित झौरोल वालों के मकानों को शामिल करते हुए खेडली मोड के दक्षिण में नाहरसिंह शिवराम के मकानों को शामिल करते हुए मोहनसिंह जलदाय विभाग के कर्मचारी के मकान को शामिल करते हुए लक्ष्मी भट्टा को लेते हुए बृजभूमि आॅयल मिल को लेते हुए नगला इन्दरमल और कोल्हुपुरा सम्पूर्ण को शामिल करते हुए दक्षिण मुड नगला सोगरिया सम्पूर्ण को लेते हुए पूरन काठवाडिया के मकान को लेते हुये दक्षिण मुड पूर्व चल पंजाबी शमशान पहुंच पूर्व चल सूरज की बोरिंग को जोडते हुए हरीसिंह सूबेदार के मकान पर आकर वार्ड 10 समाप्त।	1060
11	राजा/हरीचरण हलवाई के मकान से प्रारम्भ करते हुए पश्चिम मुड कर दक्षिण के मकानों को शामिल करते हुए उत्तर मुड बाबूलाल मैनेजर की बैठक को लेते हुए पश्चिम के मकानो को शामिल करते हुए पश्चिम मुड दक्षिण के मकानों को लेते हुए किरोडी आई.टी.आई को लेते हुए सम्पत की बगीची पर पहुंचकर दक्षिण भाग को लेते हुए मंजू वाटिका को शामिल करते हुए नगला दयाचन्द के सम्पूर्ण दोनों नगलाओं को शामिल करते हुए सम्पूर्ण किशनपुरा को शामिल करते हुए पूर्व मुड सम्पूर्ण नगला पहाड खां को लेते हुए पूर्व मुड हलैना रोड पुलिया पहुंच उत्तर मुड पश्चिम के समस्त मकानों को लेते हुए सम्पूर्ण मद्रासी कॉलौनी को लेते हुएं आईटीआई काॅलेजे से होते हुए उत्तर मुड पश्चिम के सभी मकानों विजन सरपंच बरौली को शामिल करते हुए ईदगाह को लेते हुए ईदगाह के सामने पूर्व दिशा में मुडकर बायें तरफ के सभी मकानों को लेते हुए अम्बेडकर छात्रावास को लेते हुए बालिका स्कूल को लेते हुए राजा/हरीचरण हलवाई के मकान पर पहुच वार्ड 11 समाप्त।	1034

12	बृजी खटीक के मकान से आरम्भ कर पूर्व चल जेठालाल सुनार के मकान पर पहुंच कम्पो चैबदार के मकान को शामिल करते हुए हाट बाजार पर पहुंचकर दक्षिण मुडकर देवीलाल पूर्वा के मकान को लेते हुए रिषभ पटवारी के मकान पर होते हुए वीरेन्द्र गुप्ता के मकान को शामिल करते हुए भॅवरसिंह, रामसिंह के मकान को शामिल करते हुए कल्लन मीना के मकान पर पहुंच कर हाईस्कूल को लेते हुए कोली पाडा को लेते हुए कुल्ली मास्टर की दुकानों पर पहुंच कर पश्चिम मुड शेरसिंह कैलूरी को लेते हुए बरौलीरान वाली सडक पर होते हुए उत्तर मुड पूर्व के घरों को शामिल करते हुए ईदगाह के सामने से होते हुए बाबा मानसिंह बगीची पर होते हुए हाई स्कूल के पीछे-पीछे चलते हुए राजा हलवाई के मकान पर पहुंच कर पश्चिम मुड बदनसिंह के घर को शामिल करते हुए बाबूलाल मैनेजर के पुराने मकान को जोडते हुए विजय कटारा के मकान को शामिल करते हुए बृजी खटीक के मकान पर पहुच कर वार्ड 12 समाप्त।	984
13	सप्पो हलवाई की दुकान से प्रारम्भ कर दक्षिण में होते हुए दाउजी मन्दिर होते हुए रमेश जी चेयरमैन के मकान से पूर्व मुड कर दक्षिण चल मसारा मौहल्ला को शामिल करते हुए बीरो सेठ के मकान पर पहुंच कर बायें भाग के मकानों को शामिल करते हुए राधारमण मन्दिर पर पहुंच कर दक्षिण की ओर चलते हुए कच्चे कुण्डा के आस पास सभी मकानों को शामिल करते हुए रेल्वे लाईन पहुंच पूर्व मुडकर शमशान घाट होते हुए बाबूलाल सैनी के घर से होते हुए लोकेश, अमरेश की दुकान से उत्तर मुड महेश पुलिस वाले के मकान को शामिल करते हुए ज्वाला जाटव के मकान को लेते हुए पश्चिम मुड उत्तर चल बायें भाग के मकानों को शामिल करते हुए सुखचन्दी के मकान को शामिल करते हुए गिरधर के मकान को लेते हुए पश्चिम मुड शंकरानन्द हाॅस्टल पर पहुंच उत्तर मुड जगदीश कोली डिब्बा वाले के मकान पर पहुंच उत्तर मुड गोपाल मेम्बर के मकान को लेते हुए कोली धर्मशाला के सामने वाली गली के बाईं साइड के पन्नी, बीरो बघेला के मकानों को जोडते हुए वीरेन्द्र किराना स्टोर पर पहुंच कर पश्चिम मुडकर सप्पो हलवाई की दुकान पर पहुच वार्ड 13 समाप्त।	1052
14	वीनेश फोटो स्टेट से दक्षिण दिशा में चलकर बल्ली पंजाबी के मकान को जोडते हुए दीना कोली के मकान को शामिल करते हुए पूर्व दिशा में मुडकर दायें भाग को शामिल करते हुए शिवा, मंगती हरिजन, सोहन लाल के मकान को लेते हुए बांईं तरफ के समस्त मकानों को लेते हुए लालाराम जाटव के मकान को लेते हुए पश्चिम में मुडकर नन्हें की दुकान व प्रभु के मकान को लेते हुए उत्तर मुडकर तेजपाल नेता के मकान को शामिल करते हुए अम्बेडकर पार्क को शामिल करते हुए पश्चिम मुडकर होलू दवाई वाले की दुकान को लेते हुए रामदत्ता की दुकान को लेते हुए दक्षिण के समस्त मकानों को लेकर वीनेश फोटो स्टेट पर पहुंच वार्ड 14 समाप्त।	1050

15	दीना जाटव के मकान से प्रारम्भ करते हुए उत्तर दिशा की तरफ चलकर बायें भाग के मकानों को शामिल करते हुए प्रताप खूबी जाटव के मकानों को शामिल करते हुए श्रीचन्द के मकान पर पहुंच पश्चिम मुड गोपाल, प्रेम पिप्पल के मकानों को शामिल करते हुए बायें भाग के सभी मकानों को लेते हुए कर्नल मथुरिया की दुकान से दक्षिण की तरफ मुडकर बायें तरफ के सभी मकानों को लेते हुए मदन सैकेट्री के मकान को शामिल करते हुए भोजपाल के मकान पर पहुंच पश्चिम मुड मंगती के नये मकान पर पहुंच पश्चिम दिशा चल लच्छी, राजू कोली के प्लॉट पर पहुंच दक्षिण मुड भगवान कोली के मकान को शामिल करते हुए राजू कोली के प्लॉट पर पहुंच पूर्व मुड बायें भाग के मकानों को जोडते हुए कल्लड के नये मकान पर पहुंच दक्षिण चल परसुराम पार्षद के मकान को शामिल करते हुए पतोली के नोहरे पर पहुंच पूर्व मुड विष्णु के मकान को शामिल कर बायें तरफ के मकानों को शामिल करते हुए दीना जाटव के मकान पर पहुंच वार्ड 15 समाप्त।	1061
16	रविदास आश्रम के मैन गेट से दक्षिण की दिशा चलते हुए पूर्व के मकानों को जोडकर चन्द्रभान के मकान पर पहुंच पश्चिम मुड पीतम, छुटल्ली के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण मुड मण्डावरनी के मकान को शामिल करते हुए हट्टी मेम्बर के मकान को शामिल कर बायें तरफ के मकानों को शामिल कर दक्षिण मुड फूलसिंह डॉक्टर के मकान को शामिल कर पूर्व मुड चिरंजी, गंगाराम हरिजन के मकान को शामिल कर बायें तरफ के मकानों को शामिल करते हुए बिन्दु खाँ को शामिल कर उत्तर मुड रामबाबू पण्डित के मकान को शामिल कर हरीसिंह सोगरिया के मकान को लेते हुए दायें मुडकर बायें चल भोवल लवानिया के मकान पर पहुंच पश्चिम मुड बायें तरफ के मकानों को जोडते हुए नरेश लवानिया के मकान पर पहुंच उत्तर मुड बायें हाथ के मकानों को जोडकर पप्पू कचेरा के मकान से पश्चिम मुड बायें तरफ के मकानों को शामिल करते हुए लक्ष्मण जोशी, केशव रौनीजा, विजय सिंह जाटव के मकानों को शामिल कर बायें तरफ के मकानों को शामिल करते हुए रविदास आश्रम के मैन गेट पर पहुंच वार्ड 16 समाप्त।	1060
17	प्रेम पान वाले से पूर्व की ओर चलकर दाये हिस्से की मकान/दुकानों को शामिल करते हुए लक्ष्मन कोली, सुनारों की धर्मशाला, नगरपालिका , पंचायत समिति, अम्बे मार्केट को जोडते हुए जैन वाली गली में दक्षिण मुडकर किशन दवाई वाले की दुकान के दाये हिस्से को जोडते हुए रमेश दलाल के मकान पर पहुंच पश्चिम मुड दायें तरफ के मकानों को शामिल कर सीडीपीओ आॅफिस पहुंच दक्षिण मुड राजेन्द्र तिवारी, करन सैकेट्री के मकान को शामिल कर रामेश्वर गादौली, ईश्वरप्रसाद गुप्ता के मकानों को जोडते हुए प्रभाशंकर के मकान पर पहुंच पश्चिम मुड दायें तरफ के मकानों को शामिल कर रविन्द्र की दुकान को लेते हुए सोहनलाल प्रजापत के	996

	मकान को लेते हुए इकराम के प्लॉट को लेते हुए उत्तर मुडकर बुद्या कवाडी के मकान के दायी तरफ के हिस्से को लेते हुए सुरेश भातरा के मकान को लेते हुए इससे दायें भाग को लेते हुए अतरसिंह, सुरेश जैन के मकान को जोडते हुए दायी तरफ के हिस्से को लेते हुए उत्तर में मुड अरविन्द के मकान को जोडते हुए पश्चिम मुड रेवी सिंह मई वाले के मकान को लेते हुए दाये हिस्से को शामिल करते हुए छोटेलाल जाटव व प्रताप जाटव के नये मकान से उत्तर दिशा में मुडकर तेजसिंह के मकान को शामिल करते हुए सोहनलाल के मकान शामिल कर पश्चिम में मुडकर ज्वाला वकील के मकान को लेते हुए उदयसिंह पार्षद के मकान को लेकर उत्तर मुडकर सभी दाये भाग को लेते हुए प्रेम पान वाले के मकान पर पहुंच वार्ड 17 समाप्त।	
18	जग्गी पान वाले की दुकान से चलकर बायें भाग को शामिल करते हुए पवन की दुकान पर पहुंच पश्चिम मुड बायें तरफ के मकानों को शामिल कर ललित के मकान को शामिल कर दक्षिण मुड परमाल सैकेट्री के नोहरे पर पहुंच मोहनसिंह पीटीआई के मकान को शामिल कर बायें तरफ के मकानो को जोडकर पाराशर पोस्टमैन के मकान को शामिल कर निरोती के मकान पर पहुंच पूर्व मुड बायें तरफ के मकानों को शामिल कर रेल्वे लाईन के सहारे-सहारे मंगल कोली के मकान को शामिल कर फाटक पर पहुंच अपना मन्दिर(राम मन्दिर) को जोडकर विनय जैन की दुकान, क्रय-विक्रय, पीएनबी बैंक को शामिल कर मुन्ना डॉक्टर की दुकान पर पहुंच बायें तरफ के मकानों को शामिल कर पश्चिम मुड बायें तरफ के मकानों को शामिल कर कुम्हेर तिराहा जग्गी पान वाले की दुकान पर पहुंच वार्ड 18 समाप्त।	896
19	रेल्वे फाटक दरब सरपंच की दुकान से प्रारम्भ कर पश्चिम दिशा रेल्वे लाईन के सहारे-सहारे बायें तरफ के मकानों को जोडते हुए पप्पू कम्पाउण्डर के मकान, लीलाशाह धर्मशाला को शामिल कर दशरथ पण्डित के मकान को शामिल कर दक्षिण मुड रोहिताश चतुर्वेदी के मकान को लेते हुए परसादी हॉस्पीटल को लेते हुए बायें भाग को शामिल करते हुए सम्पूर्ण नगला भोलेवास को जोडते हुए नदबई की राजस्व सीमा को जोडते हुए पूर्व मुड कासगंज रोड पर ओमप्रकाश वकील के मकान को जोडकर बायें भाग को शामिल कर उत्तर चलते हुए नैबाडा के डॉक्टर के प्लॉट को लेते हुए कासगंज रोड शीशम चैराहा से पश्चिम मुड लाखन सिंह डागुर के मकान को जोडते हुए गंगाराम जाटव के मकान को लेते हुए सम्पूर्ण बायें भाग को लेते हुए फूलसिंह नट, तोता जाटव के मकान को जोडते हुए उत्तर मुड इन्दिरा रसोई, बनखण्डी मन्दिर को जोडते हुए खुशीराम सैनी मास्टर के घर को लेते हुए पूर्व मुड घनश्याम सैनी के घर को जोडकर उत्तर मुड आनन्द आरओ वाटर को जोडते हुए तमरध्वज लवानिया के मकान को जोडते हुए दरब सरपंच की दुकान पर पहुंच वार्ड 19 समाप्त।	1056

20	रेल्वे फाटक शंकर पटवारी के मकान से प्रारम्भ कर दक्षिण चल अग्रवाल धर्मशाला कटरा को लेते हुए हीरा सैनी के मकान को जोडते हुए पश्चिम मुडकर बादशाह सैनी के मकान को लेते हुए समस्त बायें भाग को शामिल कर दक्षिण मुड राजेश पण्डित के घर को लेते हुए पोखर के सहारे-सहारे पश्चिम मुड दक्षिण चल डोरी जाटव के मकान को जोड पूर्व मुड सुरेश नट प्रहलाद नट के घर को जोडते हुए तमरध्वज लवानिया के प्लॉट को जोडते हुए साहब सिंह बरबारा के मकान को जोडकर उत्तर मुड चन्दन धर्मशाला को लेते हुए कासगंज रोड के समस्त बायें भाग को शामिल करते हुए गुड्डा के घर को लेते हुए पश्चिम मुड प्रताप बाडे को लेते हुए शंकर पटवारी के मकान पर पहुंच वार्ड 20 समाप्त।	1045
21	बाबूलाल अग्रवाल के मकान से प्रारम्भ कर दक्षिण में कासगंज रोड पर चलते हुए पूर्व दिशा के मकानों को शामिल कर गली नं. 06 मौहरसिंह लोहार के मकान पर पहुंच पूर्व मुड उत्तर दिशा के मकानों को शामिल करते हुए सीधे शान्ति कॉलौनी में चूरामन के मकान के बगल वाले मकान/प्लॉट पर पहुंच उत्तर मुड पश्चिम दिशा के मकानों को शामिल करते हुए डहरा रोड पर पहुंच उत्तर दिशा के मकानों को शामिल कर कृषि उपज मण्डी को जोडते हुए बाईपास चैराहे पर पहुंच उत्तर मुड बाईपास चलते हुए ओवरब्रिरज पर पहुंच पश्चिम मुड रेल्वे लाईन के सहारे-सहारे चल दक्षिण के समस्त मकान दुकानों को जोडते हुए रेल्वे फाटक पर पहुंच दक्षिण मुड पूर्व चल बाबूलाल अग्रवाल के मकान पर पहुंच वार्ड 21 समाप्त।	1049
22	कासगंज रोड गली नं. 06 बलवीर सैनी के मकान से दक्षिण चल लौठावन मैरिज होम को लेते हुए पूर्व के मकानों को शामिल करते हुए पुष्कर पण्डित के मकान को लेते हुए पूर्व मुड धनेश पण्डित के मकान को जोडते हुए नदबई की राजस्व सीमा को जोडते हुए लालकुआं पुलिया से पूर्व मुड नदबई राजस्व सीमा के सहारे-सहारे चलते हुए पश्चिम दिशा के मकानों को शामिल कर डहरा रोड पहुंच दक्षिण दिशा के मकानों को शामिल कर पश्चिम चलते हुए चौधरी मैरिज होम को शामिल कर शान्ति कॉलौनी के मुख्य दरवाजे पर पहुंच दक्षिण मुड पूर्व के मकानों को शामिल करते हुए सीधे चल महेश मास्टर बैलारा के मकान पहुंच पश्चिम मुड दक्षिण दिशा के मकानों को शामिल करते हुए बलवीर सैनी के मकान पर पहुंच वार्ड 22 समाप्त।	982
23	कला विध्या मन्दिर स्कूल के मैन गेट से प्रारम्भ कर पूर्व चलकर लालकुआं पुलिया पर पहुंच दायें भाग के मकानों को शामिल करते हुए लालकुआं के समस्त मकानों को जोडते हुए दक्षिण मुड पश्चिम चलते हुए समस्त कासगंज राजस्व सीमा को जोडकर हलैना रोड पहुंच कर उत्तर मुड पूर्व के समस्त मकानों को जोडते हुए पीली वाले फौजी के मकान को लेते	926

	हुये पूर्व मुड ठकुरानी के नगला को जोडते हुए कासगंज की राजस्व सीमा के सहारे-सहारे चल मौहनी के नगला को लेते हुए कासगंज रोड पर ओमप्रकाश वकील के दक्षिण दिशा में स्थित प्लॉट व मकानों को शामिल कर कासगंज रोड शीशम तिराहा लक्कड वाले की दुकानों पर पहुंच पूर्व मुड दक्षिण के मकानों को लेते हुए कला विध्या मन्दिर के मैन गेट पर पहुंच वार्ड 23 समाप्त।	
24	पोखर के पास भाट कॉलौनी गुलाब के मकान को लेते हुए उत्तर दिशा मुड गोपी, विजय, हरी जाट के मकान को लेते हुए पूर्व दिशा मुड ननुआ रामचरन, नन्दा सरपंच, सहकारी समिति को लेते हुए दक्षिण दिशा मुड आरपी शर्मा के मकान को लेते हुए नारायण के मकान को लेते हुए भिक्खी भगत से पश्चिम मुड केशरिया से लेकर अर्जुन/तारान के मकान से समस्त पश्चिम दिशा के मकानों को लेते हुए कबई रोड पर उत्तर मुड खूंटेला के मकान से परतो जाटव के मकान से होते हुए भूपेन्द्र/लक्ष्मण जाटव के मकान से पश्चिम मुड कुंजी/दर्राब, मोहनसिंह/शिवराम के मकान को लेते हुए राजस्व सीमा के सहारे होती जांगिड परभाती जांगिड के मकान को लेते हुए डहरा रोड पर पश्चिम दिशा की ओर राजस्व सीमा को लेते हुए पोखर के पास गुलाब के मकान पर पहुंच वार्ड 24 समाप्त।	871
25	जगदीश/ग्यासी कुम्हार के घर से उत्तर मुड रमेश/जगदीश चौबदार से पश्चिम मुड गिरधारी/ननुआ के मकान को लेते हुए सत्येन्द्र शर्मा से लेकर सुगड जाटव जगदीश हरिजन को लेते हुए कबई रोड पर दक्षिण मुड जयसिंह जाटव के मकान को लेते हुए विशम्भर बलजीत जाट के मकान को लेते हुए दीपचन्द के मकान से जवाहर मंत्री के घेर से पश्चिम मुड गंगासहाय/रंजीता के मकान को लेते हुए साहब सिंह सक्सैना के मकान को लेते हुए हेमसिंह के मकान से उत्तर मुड जगदीश सेठ के मकान को लेते हुए बदन सिंह के मकान से पश्चिम मुड श्यामसिंह/कन्हैया के मकान से होते हुए राजेन्द्र पुत्र सुगड सिंह के मकान से चेतराम के मकान से उत्तर मुड जगदीश कुम्हार के मकान पर पहुंच वार्ड 25 समाप्त।	942
26	बैलारा चौराहा से उत्तर दिशा में चलते हुए लाईब्रेरी को शामिल करते हुए मिट्ठन के मकान, खेत को शामिल करते हुए बाईपास ब्रिज पर पहुँच पूर्व मुड रेल्वे लाईन के सहारे-सहारे चलते हुए दक्षिण के मकानों को शामिल कर लठिया की प्याऊ से दक्षिण मुड पश्चिम के मकानों को शामिल करते हुए अतरसिंह पुत्र चूरामन के मकानों को शामिल करते हुए हरभान के मकान को शामिल करते हुए बाल किशन जाटव के मकान को शामिल करते हुए पश्चिम मुड उत्तर के मकानों को शामिल करते हुए सत्येन्द्र जाटव के मकान को शामिल करते हुए अन्नी पण्डित के मकान को शामिल करते हुए तुलसी नाई के मकान को शामिल करते हुए जगदीश सरपंच के घर को शामिल करते हुए पश्चिम मुड समस्त उत्तर दिशा के मकानों को	951

	शामिल करते हुए बैलारा चौराहे पर पहुंच वार्ड 26 समाप्त।	
27	फूलचन्द गोयल के मकान से प्रारम्भ कर दलवीर कण्डक्टर के मकान को जोडते हुए आदर्श स्कूल को लेते हुए उत्तर मुड सुमरन करीली के मकान को लेते हुये छैला के मकान से पूर्व मुड महेश खण्डू के मकान को लेकर पूर्व चलकर रिषभ जैन के मकान को लेते हुए सतीश बघेला के मकान से उत्तर मुड हीरालाल मास्टर के मकान को जोडते हुए समस्त पूर्व भाग को शामिल करते हुए उत्तर चलते हुए रामू सोनी के मकान को लेते हुए पूर्व मूड केसरी अध्यापक के घर को लेकर उत्तर मुड पश्चिम चल उत्तर मुड पिन्टू पीली वाले के मकान को लेते हुए दायें भाग को शामिल करते हुए पूर्व मुड हरिया दलाल के प्लॉट बीयर हाउस रोड पहुंच पूर्व के मकानों को शामिल करते हुये पूर्व मुड लाल कोठी को जोडते हुए बाईपास पुलिया पर पहुंच दक्षिण मुड पश्चिम चल रेल्वे लाईन के सहारे-सहारे चल रेल्वे स्टेशन पहुंच उत्तर मुड फूलचन्द गोयल के मकान पर पहुंच वार्ड 27 समाप्त।	875
28	रेल्वे फाटक सुन्दर गोविन्द से प्रारम्भ करते हुए सोलंकी घडी वालों को शामिल करते हुए उत्तर मुड गयालाल सुनार की दुकान पर पहुंच पूर्व मुड उत्तम जैन के मकान को जोडते हुए विनोद जयदेई की दुकान को लेते हुए उत्तर मुड गहनपाल गली के दांये-बायें मकानों को लेते हुए मुकेश पटवारी के मकान को शामिल करते हुए पूर्व मुड मथुरा के मकान को लेते हुए दक्षिण मुड पूर्व चल रामकिशन गुप्ता के मकान को लेते हुए राजेन्द्र मास्टर के मकान को जोडकर पूर्व मुड कटरा स्कूल के सामने के बायें भाग को जोडते हुए योगेश पण्डित के घर को लेते हुए पूर्व चल अशोक पाठक के घर को जोडते हुये दक्षिण मुड बनवारी लाल उपाध्याय के मकान को लेते हुए दक्षिण मुड पश्चिम चल एवं फिर दक्षिण मुड पशु औषधालय को लेते हुए नगर पालिका शौचालय को लेते हुए पश्चिम हिस्से को जोडते हुए पश्चिम मुड रेल्वे लाईन के सहारे-सहारे चल रेल्वे फाटक सुन्दर गोविन्द्र के मकान पर पहुंच वार्ड 28 समाप्त।	871
29	चन्दन पार्षद के मकान से प्रारम्भ करते हुए उत्तर चलकर दायें भाग के सूरजमल जगवायन के घर को लेते हुए सिन्धी तिराहे पर पहुंच पूर्व मुड दक्षिण के मकानों को शामिल करते हुए कैलाश जैन की दुकान पहुंच उत्तर मुड पूर्व के मकानों को लेते हुए नाले के सहारे सहारे पूर्व मुड श्याम सिंधी के मकान पर पहुंच उत्तर चल पूर्व के मकानों को लेते हुए नरेन्द्र गर्ग की बगल से शिव मन्दिर पहुंच पूर्व मुड हरीश के मकान को लेते हुए शम्भू जोशी के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण मुड कर खण्डेलवाल धर्मशाला पुरानी पीएनबी गली के दांये बायें भाग के मकानों को जोडते हुए महेश/खैम जैन के मकानों को शामिल करते हुए अनिल प्रिंसीपल के मकान को लेते हुए रामबाबू वैध्य के मकान को जोडते हुए चन्दन पार्षद के मकान पर पहुंच वार्ड 29 समाप्त।	878

30	खैमचन्द जैन का घेर (समाधी वाले प्लॉट) से दक्षिण चल आयुर्वेदिक औषधालय से पूर्व मुड कटरा स्कूल के मैन गेट के सहारे-सहारे चल वीरेन्द्र नाई के मकान पहुंच दक्षिण मुड सतीश मास्टर बैलारा वाले के पूर्व के मकान को लेतु हुये पूर्व चल करतार मास्टर के मकान को लेते हुए मोहन खण्डेलवाल के मकान से उत्तर मुड पश्चिम के मकानों को लेते हुए गजेन्द्र फौजदार के मकान पर पहुंच पूर्व चलते हुए दक्षिण मुड सुजानसिंह खन्सवारा के मकान से पश्चिम मुड मधुवन के मकान से उत्तर मुड पश्चिम दिशा के मकानों को लेते हुए रामवीर सरसैना के मकान को लेते हुए पश्चिम चलते हुए नरपत के मकान को लेते हुए दक्षिण भाग को शामिल करते हुए खैमचन्द जैन का घेर (समाधी वाले प्लॉट) पर पहुंच वार्ड 30 समाप्त।	906
31	वेयर हाउस रोड श्रीराम मैरिज होम से प्रारम्भ कर पश्चिम चल दक्षिण के समस्त मकानों-दुकानों को शामिल करते हुए भगवान सोनी के दुकान से दक्षिण मुड कुम्हेर रोड चलते हुए पूर्व भाग के मकानों को शामिल कर विकास प्रोग्रामर के मकान को शामिल करते हुए चंद्रपाल भट्टा वाले की दुकान पर पहुंच पूर्व मुड बायें भाग के मकान दुकानों को जोडते हुए दामोदर सिंघल के मकान पहुंच उत्तर मुड नाले के सहारे सहारे पूर्व चल गयालाल सेठ के मकान पहुंच पश्चिम के मकानों को जोडते हुए उत्तर चलते हुए अजय कुमार बंसल के घर पहुंच पूर्व मुड अवधबिहारी पिन्टू के मकान को लेते हुए तारा पपरेरा के घर पहुंच उत्तर मुड वेयर हाउस रोड श्री राम मैरिज होम पर पहुंच वार्ड 31 समाप्त।	874
32	नगर पालिका के सामने राजो मेम्बर की दुकान से प्रारम्भ कर पूर्व चलते हुए आगरा चाट भण्डार पहुंच उत्तर मुड पश्चिम के मकान दुकानों को शामिल करते हुए विनोद जांगिड बाडे की दुकान पर पहुंच पश्चिम के मकानों को जोडकर पश्चिम मुड महेश पटवारी की दुकान को जोडकर मुक्की श्रीचन्द के प्लॉट पर पहुंच उत्तर चलकर बौहरे की बगीची को जोडते हुए मैढ के सहारे-सहारे श्मशान पहुंच पश्चिम मुड दक्षिण के मकानों को लेते हुए भीम पण्डित नगर रोड पहुंच दक्षिण मुड ब्राह्मण धर्मशाला नगर रोड को जोडकर वाटर बॉक्स को लेकर पूर्व मुड उत्तर के मकानों-खेतों को जोडते हुए हितेन्द्र गर्ग के मकान पर पहुंच दक्षिण मुड पूर्व के मकानों को शामिल करते हुए कपिल गर्ग के मकान को लेते हुए नगर पालिका के सामने राजो मेम्बर की दुकान पर पहुंच वार्ड 32 समाप्त।	874
33	नगर तिराहा खूबीराम पटवारी के मकान से प्रारम्भ कर उत्तर मुड पूर्व के मकान-दुकानों को लेते हुए राजो मेम्बर की धर्मशाला वाली दुकान से पूर्व मुड रनधीर कुमार शर्मा के मकान पर पहुंच दक्षिण के मकानों को लेते हुए दक्षिण मुड हरीश कम्पाउण्डर के मकान को जोडते हुए सुधीर कटारा की दुकान नगर पालिका के सामने पहुंच पश्चिम मुड हरियाणा मार्केट व	881

	काशीदास मन्दिर को जोडते हुए उत्तर के मकानों को शामिल करते हुए नगर तिराहा खूबीराम पटवारी के मकान पर पहुंच वार्ड 33 समाप्त।	
34	महेश मेम्बर के मकान व दुकान से पूर्व दिशा की ओर चलते हुए उत्तर दिशा के मकानों को शामिल करते हुए प्रेम पपरेरा वाले के मकान को लेते हुये उत्तर चल पूर्व के मकानों को लेते हुये वीयर हाउस के पीछे की दीवार के सहारे-सहारे महरमपुर रोड फौजदार मैरिज होम पहुंच कर पूर्व दिशा में मुडकर उत्तर दिशा के मकानों-दुकानों को शामिल करते हुए बाईपास पहुंच कर उत्तर में मुडते हुए बाईपास पर चलते हुए कुम्हेर चौराहे पर पहुंच पश्चिम दिशा चल बिजलीघर को लेते हुए रायसीस वालों की धर्मशाला से सीधे गौरव पथ बीरो पिच्ची की दुकान को शामिल करते हुए डिफेन्स कॉलौनी को लेते हुए गौरव पथ चल चुन्नीलाल की धर्मशाला पर पहुंच श्मशान घाट पहुंच दक्षिण मुड अशोक भदीरा के प्लॉट पर पहुंच पूर्व मुड उत्तर दिशा को लेते हुए लोकेन्द्र की गली, दिनेश पण्डित की गली को शामिल करते हुए निखिल किराना स्टोर पर पहुंच दक्षिण मुड पूर्व दिशा के मकान-दुकानों को शामिल करते हुए महेश मेम्बर के मकान व दुकान पर पहुंच वार्ड 34 समाप्त।	880
35	वेयर हाउस रोड श्रीराम मैरिज होम राजेन्द्र कंडक्टर गांगरौली के मकान से प्रारम्भ कर उत्तर मुड वेयर हाउस के पीछे दीवार के सहारे-सहारे पूर्व के मकानों को शामिल करते हुये कृष्णा टाईल फैक्ट्री को शामिल कर पूर्व मुड महरमपुर रोड चलते हुए दक्षिण के मकानों को शामिल करते हुए समस्त महरमपुर व महरमपुर की राजस्व सीमा को शामिल करते हुए दक्षिण मुड रेल्वे ओवर ब्रिज पहुंच पश्चिम चलते हुए उत्तर के मकानों को शामिल करते हुए वेयर हाउस रोड पर ग्लोबल स्कूल को शामिल करते हुए केशव नाम वाले की दुकान को लेते हुये वेयर हाउस रोड श्रीराम मैरिज होम राजेन्द्र कंडक्टर गांगरौली के मकान पर वार्ड 35 समाप्त।	871

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।